**SHAHEED SHRI VIKRAM SINGH NEGI**
**UTTARAKHAND GOVERNMENT INSTITUTE OF POLYTECHNIC,**
**GAJA, TEHRI GARHWAL, UTTARAKHAND - 249146**

**पत्रांक- 1354 / स्टोर अनु0 / कोटेशन / 2025-26** **दिनांक 13.02.2026**

# कोटेशन आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस संस्थान के लिए निम्नलिखित वस्तुओं /सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित एवं पात्र फर्मों/आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। कोटेशन दिनांक 23.02.2026 को अपराह्न 04.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए। प्राप्त कोटेशन उसी दिन अपराह्न 04.30 बजे क्रय समिति के समक्ष खोले जाएंगे।

कोटेशन पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर जमा किए जा सकते हैं। कोटेशन देने वाले व्यक्ति अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं।

| Sr. No | Name of Machine | Specifications |
|---|---|---|
| 1. | Library Table | Providing and supplying a library table. The overall size of the table shall be 1800x1200x750 (±10mm). The frame of the table shall be made in MS sq pipe of size 50 mm and thickness 1.2 mm. The top of the table shall be made in 18 mm thick prelaminated ply board and sides of the table shall be covered with 18 mm thick ply board. The gable ends of the table shall be made in 18 mm thick prelaminated ply board and shall be fitted into MS frame. The top shall be provided with a partition made of 18 mm thick prelaminated ply board. All the metal parts shall be duly paint coat thickness of 60 microns. |

**कोटेशन की शर्तें**

1. कोटेशन मानक एवं उच्च गुणवत्ता की सामग्री के लिए ही स्वीकार किए जाएंगे। सामग्री का मेक/ब्रांड एवं पूर्ण विनिर्देश स्पष्ट रूप से अंकित होने चाहिए।
2. कोटेशन में दर्शाई गई दरें सभी व्ययों सहित होंगी, जैसे—पैकिंग, फॉरवर्डिंग, भाड़ा, लोडिंग/अनलोडिंग, कर एवं शुल्क आदि।
3. कोटेशन में काट-छांट अथवा ओवर-राइटिंग मान्य नहीं होगी। किसी भी सुधार की स्थिति में संबंधित स्थान पर हस्ताक्षर अनिवार्य होंगे, अन्यथा कोटेशन निरस्त किया जा सकता है।
4. कोटेशन की दरें दिनांक 31.03.2026 तक वैध होंगी। यदि दरों की वैधता भिन्न हो तो स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए।
5. कोटेशन स्वीकृत होने पर संबंधित आपूर्तिकर्ता को सामग्री की आपूर्ति सीधे संस्थान में अपने व्यय पर करनी होगी।
6. सीलबंद लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से निम्नलिखत अंकित किया जाए :" पुस्तकालय फर्नीचर के आपूर्ति हेतु कोटेशन " तथा "कोटेशन खोलने के तिथि -23.02.2026, 04:30pm" ।
7. क्रेता को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह आवश्यकता अनुसार कोटेशन में उल्लिखित मात्रा को ±25% तक घटा या बढ़ा सके, जिसकी आपूर्ति उसी इकाई दर एवं उन्हीं शर्तों पर की जाएगी।
8. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए किसी भी या सभी कोटेशन को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त कोटेशन स्वतः निरस्त माने जाएंगे।
9. सामग्री की संतोषजनक आपूर्ति, निरीक्षण एवं स्वीकृति के उपरांत ही भुगतान किया जाएगा। किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान देय नहीं होगा।
10. पंजीकृत जीएसटी अवश्य हो एवं उसका उल्लेख स्पष्ट रूप से दर्शाया जाए।
11. जहाँ लागू हो, सामग्री पर न्यूनतम 01 वर्ष की वारंटी/गारंटी प्रदान की जाएगी। वारंटी अवधि में उत्पन्न किसी भी दोष को आपूर्तिकर्ता द्वारा निःशुल्क दूर किया जाएगा।

12. क्रय आदेश जारी होने की तिथि से 15 (पंद्रह (दिवस के भीतर सामग्री की आपूर्ति अनिवार्य होगी। विलंब की स्थिति में संस्था द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है।

(प्रधानाचार्य)

**पृ० सं 1355 / स्टोर अनु0 / कोटेशन / 2025-26** **दिनांक 13.02.2026**

**प्रतिलिपि:**

1. वेबसाइट प्रभारी, संस्था नोटिस बोर्ड आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. नोटिस बोर्ड, नगर पंचायत गजा।

(प्रधानाचार्य)

प्रधानाचार्य
शहीद श्री विक्रम सिह नेगी
राजकीय पॉलीटेक्निक गजा
(टिहरी गढ़वाल)